तेरा नाम लेते लेते मेरी उम्र बीत जाये

तेरा नाम लेते लेते मेरी उम्र बीत जाये,
जब जब भी लब खुले बस नाम तेरा आये,
तेरा नाम लेते लेते मेरी उम्र बीत जाये,

तेरे नाम से ही बाबा मेरा काम हो रहा है,
तेरे काम के बदौलत मेरा नाम हो रहा है,
अगर भूल जाऊ तुझको मुझे मौत भी न आये,
तेरा नाम लेते लेते मेरी उम्र बीत जाये,

हारे का साथ दे कर तूने मुझे जिताया,
मुझे खाख से उठा कर जीवन मेरा सजाया,
मुझे आरजू थी जिसकी वो दिन मुझे दिखाये
तेरा नाम लेते लेते मेरी उम्र बीत जाये,

तेरी दया से बाबा परिवार पल रहा है,
हस खेलते जे जीवन माधव का चल रहा है,
बस ध्यान इतना रखना कही हम भटक न जाये,
तेरा नाम लेते लेते मेरी उम्र बीत जाये,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10316/title/tera-naam-lete-lete-meri-umer-beet-jaaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |